MPHIN/2009/34626

यशोन्नति

दैनिक यशोन्नति की और खबरों एवं ई पेपर के लिये लाँग इन करें https://dainikyashonnati.com एप डाउनलोड करें

वर्ष 8+18 अंक 11 | प्रधान संपादक- राजेश अग्रवाल | yasonati@gmail.com | सिवनी सोमवार 02 मार्च 2026 | संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी | मूल्य 1.50 पृष्ठ 4

पृष्ठ-2 संपादकीय एवं प्रदेश समाचार | पृष्ठ-3 सिवनी /बालाघाट समाचार | पृष्ठ-4 मंडला समाचार .....

नवनियुक्त भाजपा जिला पदाधिकारियों का परिचय एवं स मान समारोह आज 2 मार्च को

सिवनी यशोः- भारतीय जनता पार्टी जिला सिवनी द्वारा सोमवार 2 मार्च को भाजपा जिला कार्यालय में नवनियुक्त जिला पदाधिकारियों के परिचय एवं स मान समारोह का आयोजन प्रातः 11:00 बजे किया गया है।

इस कार्यक्रम में मु य रूप से भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती मीना बिसेन, पूर्व केंद्रीय मंत्री फग्गनसिंह कुलस्ते, सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन एवं बरघाट विधायक कमल मर्सकोले विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।

उक्त आशय की जानकारी देते हुए भाजपा नगर अध्यक्ष द्वय अभिषेक दुबे एवं युवराजसिंह राहंगडाले ने बताया कि इस समारोह में सभी नवनियुक्त जिला पदाधिकारी, साथ ही मोर्चा-प्रकोष्ठों एवं मंडल अध्यक्षों को भी आमंत्रित किया गया है।

नवगठित जिला कार्यसमिति में अनुभव और युवाओं का संतुलन

भाजपा जिला महामंत्री संतोष अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती मीना बिसेन द्वारा, प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की अनुमति, संभाग प्रभारी सुमेरसिंह सोलंकी तथा जिला प्रभारी अशोक रोहाणी की सहमति से जिला कार्यसमिति की घोषणा की गई है।

उन्होंने बताया कि इस कार्यसमिति में एक ओर अनुभवी कार्यकर्ताओं को स्थान दिया गया है, वहीं दूसरी ओर युवा एवं सक्रिय कार्यकर्ताओं को भी महत्वपूर्ण जि मेदारियाँ सौंपी गई हैं। जिले के सभी क्षेत्रों एवं वर्गों का समावेश कर संगठन को सशक्त, सर्वस्पर्शी और गतिशील बनाने की दिशा में यह कार्यसमिति गठित की गई है।

पदाधिकारियों की घोषणा 08 उपाध्यक्ष बनाये गये

भाजपा मीडिया प्रभारी श्रीकांत अग्रवाल ने बताया कि नवगठित जिला कार्यसमिति में 8 जिला उपाध्यक्ष के रूप में श्रीमती गोमती ठाकुर, डॉ. अभिजीत सिंह चौहान, आनंद शर्मा, अनिल गोल्हानी, संतोष नगपुरे, नवनीत ठाकुर, श्रीमती राजेश्री उईके एवं सुरेश सनोडिया को शामिल किया गया है।

संतोष, मुकेश एवं गजानंद बने महामंत्री

जिला महामंत्री

जिला महामंत्री के रूप में संतोष अग्रवाल, गजानन पंचेश्वर एवं मुकेश बघेल को जि मेदारी सौंपी गई है।

मंत्री

इसी प्रकार जिला मंत्री के रूप में नीलकंठ तिवारी, दिलीप बघेल, पीयूष दुबे, श्रीमती उर्मिला उईके, मुनिया टांक, संदीप उईके, गोपाल पवमें एवं श्रीमती आशा डेहरिया को शामिल किया गया है।

जिला कोषाध्यक्ष राजेंद्र डहरवाल एवं सह कोषाध्यक्ष समीर ठाकुर को बनाया गया है। कार्यालय मंत्री बीरेंद्र राजपूत, सह कार्यालय मंत्री अलकेश रजक बनाये गये है ।

मीडिया प्रभारी श्रीकांत अग्रवाल, सह मीडिया प्रभारीअशोक बंदेवार आई.टी. सेल जिला संयोजक मनोज मर्दन त्रिवेदी, सह संयोजक बिन्नू तिवारी, सोशल मीडिया जिला संयोजक आशीष सोनी सह संयोजक ङ्क सत्यम सूर्यवंशी, जिला 'मन की बात' प्रभारी सचिन अवधिया तथा सह प्रभारी मनोज नामदेव को बनाया गया है ।

श्री द्वारकाधीश मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा यज्ञ व श्रीमद्भागवत कथा का भव्य समापन, हजारों श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया महाप्रसाद

सिवनी यशोः- श्री द्वारकाधीश मंदिर में आयोजित प्राण-प्रतिष्ठा यज्ञ, श्रीमद्भागवत कथा एवं सप्तदिवसीय धार्मिक अनुष्ठान का समापन पूर्ण आहुति एवं विशाल भंडारे (महाप्रसाद) के साथ श्रद्धा और भक्ति भाव से संपन्न हुआ। समापन दिवस पर हजारों श्रद्धालुओं ने महाप्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ प्राप्त किया।

इस भव्य आयोजन में कथा व्यास ब्रह्मचारी श्री निर्विकल्प स्वरूप जी महाराज ने न केवल श्रीमद्भागवत कथा के माध्यम से धर्म, भक्ति और जीवन मूल्यों का संदेश दिया, बल्कि अंतिम दिवस स्वयं श्रद्धालुओं को भोजन परोसकर सेवा भाव की अनुपम मिसाल प्रस्तुत की।

सप्तदिवसीय आयोजन के दौरान प्रतिदिन बड़ी सं या में श्रद्धालु कथा श्रवण हेतु उपस्थित रहे।

पूर्णाहुति के साथ संपन्न हुए इस अनुष्ठान ने पूरे क्षेत्र को भक्तिमय वातावरण से सराबोर कर दिया। श्रद्धालुओं ने आयोजन को आध्यात्मिक ऊर्जा से परिपूर्ण बताते हुए मंदिर समिति एवं आयोजकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

श्री द्वारकाधीश मंदिर में आयोजित यह धार्मिक अनुष्ठान श्रद्धा, सेवा और सनातन संस्कृति के संरक्षण का प्रेरक उदाहरण बना।

भक्ति के साथ जागरूकता का संगम -ज्वाला देवी मंदिर में 130वाँ संगीतमय सुंदरकांड स पन्न

हनुमान उपासना से विद्यार्थियों में बढ़ी एकाग्रता, 'कम मोबाइल - ज्यादा ध्यान' का संदेश प्रभावी

सिवनी यशोः- सिवनी भैरोगंज स्थित सिद्धपीठ श्री माँ आदिशक्ति ज्वाला देवी मंदिर में शनिवार को 130वें साप्ताहिक संगीतमय सुंदरकांड एवं हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन भव्य, दिव्य एवं भावनात्मक वातावरण में स पन्न हुआ। भजन - कीर्तन, ढोलङ्कमंजीरों की मधुर लय और मंत्रोच्चार से मंदिर परिसर भक्तिमय हो उठा। इस अवसर पर धार्मिक अनुष्ठान के साथ विद्यार्थियों को परीक्षा काल में संयम, एकाग्रता और मोबाइल से दूरी का संदेश दिया गया।

इस अवसर मंदिर समिति द्वारा विधिविधान से दीप प्रज्वलन, पूजा-अर्चना, पुष्पार्चन एवं महाआरती स पन्न कराई गई। श्रद्धालुओं ने भोग अर्पित कर महाप्रसाद ग्रहण किया। स्थानीय भक्तों, मंदिर समिति सदस्यों एवं सेवावृत्तियों के सहयोग से आयोजन अनुशासन, सेवा और सामूहिक सहभागिता का उत्कृष्ट उदाहरण बना।

यह साप्ताहिक आयोजन केवल पूजा-पाठ तक सीमित न रहकर सामाजिक सरोकार और जागरूकता का प्रभावी मंच बन चुका है। प्रत्येक सप्ताह किसी न किसी समसामयिक विषय पर सार्थक चर्चा की जाती है।

इस सप्ताह की चर्चा का केंद्र विद्यार्थी वर्ग रहा। बताया गया कि माध्यमिक शिक्षा मंडल की कक्षा 10वीं एवं 12वीं की परीक्षाएँ लगभग संपन्न हो चुकी हैं तथा स्थानीय परीक्षाएँ प्रारंभ हो रही हैं। विद्यार्थियों से आग्रह किया गया कि वे इस महत्वपूर्ण समय में एकाग्रता के साथ अध्ययन, समय का सदुपयोग करें तथा होली पर्व पर हुड़दंग से दूर रहें। मंदिर समिति ने समाज से भी अपील की कि होली पर्व उत्साहपूर्वक मनाएं, किंतु पर्यावरण सुरक्षा का ध्यान रखते हुए रासायनिक रंगों से बचें और हर्बल रंगों का उपयोग करें।

कार्यक्रम में बताया गया कि हनुमान जी की उपासना से मन एकाग्र होता है तथा नियमित अध्ययन, संयम और सकारात्मक सोच से सफलता प्राप्त की जा सकती है।

विद्यार्थियों को मोबाइल के अत्यधिक उपयोग से बचने की भी सलाह दी गई, जिसका सकारात्मक प्रभाव स्पष्ट रूप से देखने को मिला। 130वें सप्ताह में विद्यार्थियों की उपस्थिति आशातीत रूप से बढ़ी। छात्रों ने बताया कि यहां से मिले सकारात्मक विचार उनकी पढ़ाई में सहायक सिद्ध हो रहे हैं। सुंदरकांड एवं हनुमान चालीसा पाठ के माध्यम से विद्यार्थियों को पढ़ाई पर ध्यान, मानसिक शांति, लक्ष्य पर एकाग्रता का संदेश दिया गया, जिसे उपस्थित छात्रों ने अत्यंत उपयोगी बताया।

उल्लेखनीय है कि सिवनी नगर के उपनगरीय क्षेत्र भैरोगंजङ्कपरतापुर मार्ग स्थित इस सिद्धपीठ मंदिर में पिछले 130 सप्ताहों से प्रत्येक शनिवार को युवाओं एवं मातृशक्ति की सहभागिता से सस्वर, भक्तिमय सुंदरकांड एवं हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन निरंतर किया जा रहा है। इस साप्ताहिक मिलन की विशेषता यह है कि यहां धर्म, आस्था, सामाजिक जागरूकता और उत्तरदायित्व का सुंदर समन्वय देखने को मिलता है। अंत में माँ ज्वाला देवी एवं श्री हनुमान जी के चरणों में प्रार्थना की गई कि सभी पर सुख, शांति, स्वास्थ्य, विद्या और सफलता का आशीर्वाद बना रहे।

स्मार्ट मीटर, फोरलेन अनियमितता और मार्ग निर्माण को लेकर विधायक दिनेश राय मुनमुन ने सदन में उठाए सवाल

सिवनी यशोः- मध्यप्रदेश विधानसभा के जारी सत्र में सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन ने स्मार्ट मीटर लगाए जाने की अनिवार्यता, फोरलेन मार्ग निर्माण में कथित अनियमितता तथा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न सड़कों के निर्माण से जुड़े मुद्दों को लेकर तार्किक व अतार्किक प्रश्नों के साथ याचिका प्रस्तुत की।

स्मार्ट मीटर को लेकर सरकार का स्पष्ट जवाब

विधायक द्वारा स्मार्ट मीटर लगाए जाने पर सहमति आवश्यक होने और बिजली बिल अधिक आने की शिकायतों को लेकर पूछे गए प्रश्न पर ऊर्जा मंत्री प्रद्यु न सिंह तोमर ने सदन को अवगत कराया कि प्रदेश में स्मार्ट मीटर आर.डी.एस.एस. योजना के अंतर्गत लगाए जा रहे हैं। यह कार्य केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण एवं भारत सरकार के विद्युत मंत्रालय की अधिसूचनाओं तथा मध्यप्रदेश विद्युत प्रदाय संहिता-2021 के प्रावधानों के अनुरूप है।

ऊर्जा मंत्री ने स्पष्ट किया कि वैधानिक प्रावधानों के तहत स्मार्ट मीटर स्थापना के लिए उपभोक्ता की सहमति आवश्यक नहीं है।

सिवनी विधानसभा क्षेत्र में प्रश्न दिनांक तक शहरी क्षेत्र में- 23,296 स्मार्ट मीटर ग्रामीण क्षेत्र में- 30,658 स्मार्ट मीटर

कुल 53,954 स्मार्ट मीटर स्थापित किए जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद बिजली बिल अधिक आने संबंधी शिकायतों की सं या शून्य है।

100 प्रतिशत गुणवत्ता जांच का दावा

सरकार ने सदन में बताया कि स्मार्ट मीटरों की गुणवत्ता की जांच 5 प्रतिशत नहीं, बल्कि 100 प्रतिशत की जा रही है।

मीटर निर्माता के परिसर में प्रारंभिक जांच के बाद, एन.ए.बी.एल. मान्यता प्राप्त प्रयोगशालाओं, सी.पी.आर.आई., ई.आर.टी.एल. अथवा थर्ड पार्टी लैब में टाइप टेस्ट, ऐ सेप्टेंस टेस्ट और क युनिकेशन टेस्ट किए जाते हैं। सभी 53,954 स्मार्ट मीटरों की जांच के बाद ही उन्हें स्थापित किया गया है। संबंधित दस्तावेज पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट में उपलब्ध कराए गए हैं।

कोठिया-बंधा से चंदौरीखुर्द मार्ग के लिए याचिका

इसके अतिरिक्त विधायक दिनेश राय मुनमुन ने विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कोठिया-बंधा से चंदौरीखुर्द तक सड़क निर्माण कराए जाने की मांग को लेकर सदन में अलग से याचिका भी प्रस्तुत की।

फोरलेन निर्माण अनियमितता पर जवाब

विधायक द्वारा फोरलेन मार्ग निर्माण में अनियमितता को लेकर पूछे गए प्रश्न पर लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने बताया कि यह विषय लोक निर्माण विभाग से संबंधित नहीं है, बल्कि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकार क्षेत्र में आता है। इस संबंध में प्राप्त जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट अनुसार उपलब्ध कराई गई है।

निर्माण कार्यों की जानकारी देते हुए मंत्री ने बताया कि 04 कार्य पूर्ण हो चुके हैं 02 कार्यों के कार्यादेश जारी किए जा चुके हैं। टी.एस. एवं डी.पी.आर. से संबंधित जानकारी परिशिष्ट-1, 2 एवं 3 में उपलब्ध है।

सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते का सिवनी आगमन

सिवनी यशोः- सभापति एससी/एसटी कल्याण संबंधी समिति एवं सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते सोमवार 02 मार्च 2026 को दोपहर 12:30 बजे सिवनी पहुँचेंगे। वे स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होकर दोपहर 2 बजे केवलारी के लिए प्रस्थान करेंगे।

सांसद श्री कुलस्ते दोपहर 4:30 बजे केवलारी पहुँचकर स्थानीय कार्यक्रम में सहभागिता करेंगे। इसके उपरांत रात्रि 8 बजे मण्डला के लिए प्रस्थान करेंगे।

जबरन नॉलेज

धुरेडी पर 04 मार्च को दोपहर 3 बजे तक शुष्क दिवस

सिवनी यशोः- जिला मु यालय सिवनी में आयोजित शांति समिति बैठक में जानकारी दी गई कि इस वर्ष चन्द्रग्रहण के कारण धुरेडी का पर्व 04 मार्च 2026 को मनाया जाएगा। इस पर कले टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्रीमती शीतला पटले ने कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से 04 मार्च, मंगलवार को दोपहर 3 बजे तक पूरे सिवनी जिले में शुष्क दिवस घोषित किया है।

आदेशानुसार इस अवधि में सभी मदिरा दुकानों से बिक्री तथा मद्य भंडारों से प्रदाय एवं परिवहन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। अधिकारियों को आदेश का स ती से पालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए हैं।

भारतीय जनता पार्टी - जिला सिवनी

नव नियुक्त सभी जिला पदाधिकारियों को हार्दिक शुभकामनाएँ एवं बधाई

- सौजन्य -
भाजपा मंडल बंडोल, जिला - सिवनी

नवनियुक्त पदाधिकारीगण

उपाध्यक्ष - श्रीमती गोमती ठाकुर, डॉ. अभिजीत चौहान, आनंद शर्मा, अनिल गोल्हानी, संतोष नगपुरे, नवनीत ठाकुर,श्रीमती राजेश्री उईके, सुरेश सनोडिया । महामंत्री - संतोष अग्रवाल, मुकेश बघेल, गजानंद पंचेश्वर । मंत्री - नीलकंठ तिवार दिलीप बघेल पियुष दुबे,श्रीमती उर्मिला उईके, मुनियां टांक, संदीप उईके गोपाल पावने, श्रीमती आशा डहेरिया । कोषाध्यक्ष -राजेन्द्र डहरवाल एवं सह कोषाध्यक्ष -समीर ठाकुर । कार्यालय मंत्री -विरेन्द्र राजपूत एवं सह कार्यालय मंत्री अलकेश रजक । मीडिया प्रभारी श्रीकांत अग्रवाल एवं सह मीडिया प्रभारी अशोक बंदेवार । जिला संयोजक आई.टी. सेल - मनोज मर्दन त्रिवेदी, एवं जिला सह संयोजक आई.टी. सेल बिन्नू तिवारी ।सोशल मीडिया जिला संयोजक - आशीष सोनी एवं सह संयोजक सत्यम सूर्यवंशी, जिला प्रभारी मन की बात सचिन अवधिया, सह प्रभारी मन की बता मनोज नामदेव